शब्दबाणों का प्रहार

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार

राष्ट्रबाण

सिवनी

संपादकः संजय बघेल

मंगलवार 3 फरवरी 2026 | E-PAPER: www.rashtrabaan.in • वर्ष : 10 • अंक : 281 • पृष्ठ : 06 • मूल्य : 5.00 रुपए | www.facebook.com/rashtrabaan | www.twitter.com/rashtrabaan

न्यूज ब्रीफ

जम्मू में सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन तेज

श्रीनगर। जम्मू क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने एंटी-टेरर सर्च ऑपरेशन और तेज कर दिए हैं। सोमवार सुबह सांबा जिले के बारी ब्राह्मणा इलाके में आर्मी की क्विक रिएक्शन टीम ने संदिग्ध हालात में घूम रहे दो लोगों को हिरासत में लिया, जिन्हें पूछताछ के लिए स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया। इसके अलावा रामनगर सेक्टर सहित उधमपुर और राजौरी के कई इलाकों में संदिग्ध गतिविधियों के चलते तलाशी अभियान जारी है। वहीं, किश्तवाड़ जिले के बर्फीले चटरू इलाके में 16वें दिन भी सर्च ऑपरेशन जारी है। यहां सेना, पुलिस और सीआरपीएफ की जॉइंट टीम आतंकियों की तलाश कर रही हैं।

एसआईआर के खिलाफ सीएम ममता ने सुको में याचिका लगाई

नईदिल्ली। ममता बनर्जी ने राज्य में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका में निर्वाचन आयोग और पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पक्षकार बनाया गया है। सूत्रों के मुताबिक याचिका 28 जनवरी को दाखिल की गई थी। इस बीच, ममता रविवार को दिल्ली पहुंचीं हैं, वे सोमवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मुलाकात कर एसआईआर प्रक्रिया पर आपत्तियां रखेंगी।

दक्षिण कोलकाता में दो गुटों में झड़प, देसी बम फेंके गए

कोलकाता। कोलकाता के गोलपार्क इलाके में रविवार रात को हुई झड़प मामले में पुलिस ने 10 लोगों को अरेस्ट किया है। अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस ने बताया कि रविवार शाम करीब 8.30 बजे कंकुलिया रोड पर तब भड़की, जब दूसरे इलाके से आए युवकों का एक समूह स्थानीय लोगों से भिड़ गया। इस घटना में दो लोग घायल हुए। दोनों पक्षों की ओर से पथराव किया गया, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। झड़प के दौरान देसी बम फेंके गए और एक राउंड फायरिंग हुई। मौके से खाली कारतूस और बम के टुकड़े बरामद किए गए हैं। भीड़ ने कई मोटरसाइकिलों में तोड़फोड़ की और मौके पर पहुंची।

राष्ट्रबाण

अगर आपको नहीं मिल रहा है आपका लोकप्रिय अखबार राष्ट्रबाण तो आज ही अपने हॉकर से बोलिए या हमे कॉल कीजिए

सिर्फ 100 रुपए महीना

संपर्क : 7000427433

बजट: मप्र को घाटा, केंद्र से 7500 करोड़ कम मिलेंगे

5000 करोड़ से डेवलप होंगे 10 शहर ; सिंहस्थ स्पेशल पैकेज नहीं मिला, जानिए और क्या मिला

राष्ट्रबाण | भोपाल | एजेंसी | rashtrabaan.in

मध्य प्रदेश की केंद्रीय करों में हिस्सेदारी बढ़ने की बजाय कम हो गई है। अब अगले पांच साल(अप्रैल 2026 से मार्च 2031 तक) तक एमपी को हर साल करीब 7500 करोड़ रुपए का नुकसान होगा। साथ ही इस वित्तीय वर्ष यानी 31 मार्च 2026 तक एमपी को 2,314 करोड़ रुपए कम मिलेंगे।

हालांकि एक्सपर्ट का मानना है कि भले ही केंद्रीय करों में हिस्सेदार कम हो गई लेकिन कैपिटल एक्सपेंडिचर में जो प्रावधान किया है उससे मप्र को फायदा मिल सकता है। केंद्रीय करों की हिस्सेदारी के रुप में इस बार 1.12 लाख करोड़ रु. मिल सकते हैं। साथ ही इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए 2 हजार करोड़ रु. मिलने का अनुमान है।

बता दें कि रविवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 9वां बजट पेश किया। इस बजट में टू और थ्री टियर शहरों के इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए 12 लाख करोड़ का प्रावधान किया है। इसका फायदा इस कैटेगरी में आने वाले एमपी के 10 शहरों को मिल सकता है। वहीं देश में बनने वाली पांच यूनिवर्सिटी टाउनशिप में एक भोपाल को मिल सकती है।

हालांकि, मप्र ने इस बजट में सिंहस्थ 2028 के आयोजन के लिए 20 हजार करोड़ रु. के स्पेशल पैकेज की मांग की थी, लेकिन केंद्र ने इस संबंध में ऐसी कोई कोई घोषणा नहीं की।

केंद्रीय करों में हिस्सेदारी 7.86% से घटाकर 7.34% कर दी

केंद्र सरकार ने 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों को मान लिया है। ऐसे में अप्रैल 2026 से मार्च 2031 तक की अवधि के लिए केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी 7.86% से घटाकर 7.34% कर दी गई है। वित्त विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस 0.503% की कटौती का सीधा मतलब है कि राज्य को हर साल लगभग 7500 करोड़ रुपए कम मिलेंगे। यह नुकसान सिर्फ भविष्य तक सीमित नहीं है। मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए भी अनुमानों को संशोधित किया गया है। पहले जहां राज्य को 1,11,662 करोड़ रुपए मिलने का अनुमान था, वह अब घटकर 1,09,348 करोड़ रुपए रह गया है। यानी इसी साल प्रदेश को 2,314 करोड़ रुपए का तत्काल नुकसान होगा। यह कटौती ऐसे समय में हुई है, जब राज्य सरकार जी राम जी जैसी योजना के लिए अपने हिस्से को 10% से बढ़ाकर 30% करने की तैयारी कर रही है, जिससे उस पर वित्तीय बोझ और बढ़ेगा।

10 शहरों के डेवलपमेंट के लिए मिल सकते हैं 5,000 करोड़

केंद्र ने टियर-2 और टियर-3 श्रेणी के शहरों में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए 12 लाख करोड़ रुपए की विशेष पूंजीगत सहायता का प्रावधान किया है। वित्तीय जानकारों का मानना है कि मध्य प्रदेश के लगभग 10 शहर इस कैटेगरी में आते हैं, इस फंड से भोपाल, इंदौर जैसे बड़े शहरों को 7 हजार करोड़ तो बाकी शहरों को 5 हजार करोड़ तक मिल सकते हैं। इस राशि का उपयोग इन शहरों में सड़क नेटवर्क, जल आपूर्ति, सीवेज प्रबंधन, और अन्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए किया जाएगा, जिससे जीवन स्तर में सुधार होगा और निवेश के नए अवसर पैदा होंगे। वहीं देश में बनने वाली पांच यूनिवर्सिटी टाउनशिप में एक भोपाल को मिल सकती है। यहां एयरपोर्ट के पास भौंरी में राज्य सरकार एआई और नॉलेज सिटी विकसित कर रही है। इसे यूनिवर्सिटी टाउनशिप में बदला जाता है तो केंद्र को पहली यूनिवर्सिटी टाउनशिप का प्रस्ताव तुरंत भेजा जा सकेगा।

नगर निगम जारी कर सकेंगे अमृत बॉन्ड

एमपी के बड़े नगर निगम भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और उज्जैन 1 हजार करोड़ का बॉन्ड जारी कर केंद्र से 100 करोड़ तक का फायदा ले सकेंगे। बॉन्ड की पहले से जारी व्यवस्था भी प्रभावी है, जिसमें 200 करोड़ तक के बॉन्ड जारी करने पर केंद्र सरकार 18 फीसदी पैसा देती है। अटल नवीनीकरण व शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) 2.0 के तहत केंद्र ने 2025-26 के लिए 7,022 करोड़ रुपए जारी किए हैं, जिनका मुख्य फोकस जल आपूर्ति और सीवरेज प्रबंधन पर है। भोपाल में 194 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत हो चुकी है, जिसमें कोलार और बैरागढ़ में 155 करोड़ की लागत से नया सीवेज नेटवर्क बनाना शामिल है। इस योजना का एक अहम पहलू 'महिला अमृत मित्र' की तैनाती है। इंदौर के भागीरथपुरा कांड जैसी घटनाओं से सबक लेते हुए, जहां दूषित पानी से कई लोगों की जान चली गई थी, अब सरकार ने पेयजल की स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए एक जमीनी पहल की है।

केंद्र से मिलेंगे 1.12 लाख करोड़ रुपए

- **इनकम टैक्स**
  39,905 करोड़ रुपए
  2025-26 की तुलना में 852 करोड़ रुपए ज्यादा
- **जीएसटी**
  30,668 करोड़ रुपए
  2025-26 की तुलना में 152 करोड़ रुपए कम
- **सीमा शुल्क**
  5,982.69 करोड़ रुपए
  2025-26 की तुलना में 166.63 करोड़ रुपए ज्यादा
- **उत्पाद शुल्क**
  2,548.62 करोड़ रुपए
  2025-26 की तुलना में 790 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी
- **निगम कर**
  32,917.14 करोड़ रुपए
  2025-26 की तुलना में 416.61 करोड़ रुपए ज्यादा
- **अन्य कर व शुल्क**
  111.45 करोड़ रुपए
  2025-26 की तुलना सवा करोड़ रुपए ज्यादा

केंद्र सरकार को विभिन्न करों से जो इनकम होती है, उसमें से राज्यों को तय सीमा के मुताबिक उनका हिस्सा दिया जाता है।

राहुल गांधी बोले- चीनी टैंक लद्दाख पहुंचे, शाह ने टोका

स्पीकर ने माइक बंद कराया, जनरल नरवणे की किताब के 9 पॉइंट, जिस पर हंगामा हुआ

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in

लोकसभा में सोमवार को राहुल गांधी के भाषण के दौरान जोरदार हंगामा हुआ। राहुल ने पूर्व आर्मी चीफ जनरल नरवणे की अनपब्लिश्ड किताब का हवाला देते हुए कहा- 4 चीनी टैंक लद्दाख सीमा में पहुंच गए थे। राहुल के ऐसा कहते ही पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फिर गृह मंत्री शाह ने उन्हें टोका। इसके बाद स्पीकर ने नियमों का हवाला देते हुए उन्हें रोका।

राहुल करीब 46 मिनट तक अपनी बात कहने की कोशिश करते रहे। इसके बाद स्पीकर ने लोकसभा की कार्यवाही 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। दोपहर 3 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही राहुल ने बोलना शुरू किया। लेकिन हंगामे के चलते महज 9 मिनट बाद ही कार्यवाही शाम 4 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

शाम 4 बजे भी कार्यवाही शुरू होते ही फिर हंगामा हुआ और 11 मिनट बाद कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई। राहुल गांधी को राजनाथ ने 11 बार, शाह ने 7 बार टोका। इसके अलावा किरेन रिजिजू ने 2 बार और अनुराग ठाकुर ने 6 बार रोका।

लोकसभा में क्या हुआ, सिलसिलेवार पढ़िए...

- राहुल गांधी ने सदन में कहा, डोकलाम में चीनी टैंक भारत की सीमा में पहुंच गए थे। मैं यह बात एक मैगजीन के आर्टिकल के हवाले से कह रहा हूं। जिसमें पूर्व आर्मी चीफ एमएम नरवणे की किताब (मेमॉयर) को कोट किया गया है।
- राजनाथ सिंह खड़े हुए और बोले, 'अगर ये बातें प्रकाशित हुई हैं तो इसका जिक्र करें नहीं तो छोड़ दें।'
- राहुल बोले- 'आप सब ध्यान से सुनें कि मैं क्या पढ़ रहा हूं इससे पता चल जाएगा कि कौन देशभक्त है और कौन नहीं। 4 चीनी टैंक भारत की धरती पर आ रहे थे। वे कुछ 100 मीटर ही दूर थे।'
- स्पीकर ओम बिरला ने कहा, राहुल जी आप सदन में नेता विपक्ष हैं। सांसद प्रियंका ने एक बात कही थी तो उन्होंने ऑथेंटिक स्तर पर प्रस्तुत किया था। आपसे भी यही अपील है'
- राहुल ने कहा, 'ये सौ प्रतिशत ऑथेंटिक है। राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल बताएं कि क्या यह प्रकाशित हुआ है या नहीं केवल इतना बताएं।' एनडीए और विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया।
- ओम बिरला ने कहा कि रक्षामंत्री सही कह रहे हैं। आप सदन में इसका जवाब दें। आप सदन में है, विपक्ष के नेता हैं सही नियम से चलें।
- राहुल ने कहा- नरवणे की किताब में रक्षामंत्री और प्रधानमंत्री का जिक्र है। मैं वही बता रहा हूं।
- राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल जिस किताब के बारे में बोल रहे हैं वह किताब प्रकाशित नहीं हुई है।
- अमित शाह ने बताया कि वह मैग्जीन की रिपोर्ट है, नरवणे जी ने ऐसा नहीं कहा है।

सरकार बोली- वांगचुक लद्दाख को नेपाल-बांग्लादेश बनाना चाहते थे : सुको में कहा- वह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in

केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि सोनम वांगचुक लद्दाख को नेपाल या बांग्लादेश जैसा बनाना चाहते हैं। ऐसे व्यक्ति को और जहर उगलने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की बैंच लद्दाख हिंसा मामले में एक्टिविस्ट वांगचुक की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, वांगचुक के भाषण में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा सीधा खतरा दिखता है। जिला मजिस्ट्रेट ने हालात को देखते हुए गिरफ्तारी का सही फैसला लिया।

मेहता ने कहा कि नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे उदाहरण देना, युवाओं को भड़काने और देश की एकता के खिलाफ माहौल बनाने के बराबर है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए पर्याप्त आधार है। मामले की सुनवाई अब मंगलवार को दोपहर 2 बजे फिर होगी। दरअसल, 24 सितंबर 2025 को लेह में हुई हिंसा भड़काने के आरोप में 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत 26 वांगचुक को पुलिस ने हिरासत में लिया गया था।

सरकार के सुप्रीम कोर्ट में मुख्य पॉइंट्स

- एनएसए पर कोर्ट अपील नहीं सुनता- सुप्रीम कोर्ट नजरबंदी आदेश की पर्याप्तता नहीं परखता, यह जिलाधिकारी के अपने आकलन का मामला है।
- भाषण का राष्ट्रीय सुरक्षा से सीधा लिंक- सोनम वांगचुक के भाषण में दिए बयान राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा दिखाते हैं।
- नेपाल-बांग्लादेश जैसे बदलाव का संदर्भ- ऐसे उदाहरण देना और कहना कि जेल जाने से बदलाव आएगा, एनएसए लगाने के लिए पर्याप्त है।
- 'हम बनाम वे' और युवाओं को उकसावा- 'us-them' की भाषा, आत्मदाह जैसे जिक्र और भीड़ से जगह पूछना युवाओं को भड़काने जैसा है।

ममता काली शॉल ओढ़कर मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलीं : बोलीं- चुनाव आयोग बीजेपी का आईटी सेल

ऐसा झूठा चुनाव आयुक्त कभी नहीं देखा

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने सोमवार को स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के खिलाफ काली शॉल ओढ़कर दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) से मुलाकात की। उनके साथ एसआईआर प्रभावित 13 परिवार और टीएमसी के नेता भी थे। मुलाकात के बाद ममता ने कहा, 'मैं बहुत दुखी हूं। मैं दिल्ली की राजनीति में लंबे समय से सक्रिय हूं। मैं चार बार केंद्रीय मंत्री और सात बार सांसद रह चुकी हूं। मैंने आज तक ऐसा अहंकारी और झूठा चुनाव आयुक्त नहीं देखा। ममता बोलीं,

मैंने चुनाव आयुक्त से कहा कि उनकी कुर्सी का सम्मान करती हूं, क्योंकि कोई भी कुर्सी हमेशा के लिए नहीं रहती। एक दिन उनको जाना ही होगा। बंगाल को क्यों निशाना बनाया जा रहा है? चुनाव लोकतंत्र का त्योहार होते हैं, लेकिन उन्होंने 58 लाख लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए और अपना बचाव करने का मौका तक नहीं दिया। यह चुनाव आयोग नहीं, बीजेपी का आईटी सेल है।

इसके पहले सुबह ममता ने दिल्ली पहुंचते ही कहा कि वे स्ढ्ढक्र के मुद्दे पर लड़ाई जारी रखेंगी। अगर इस देश में कोई नहीं लड़ेगा, तो मैं लड़ूंगी, हमारी पार्टी लड़ेगी।

बंग भवन के बाहर दिल्ली पुलिस की तैनाती

इस बीच, हेली रोड और चाणक्यपुरी स्थित दोनों बंग भवनों के बाहर दिल्ली पुलिस की भारी तैनाती की गई है। ममता ने आरोप लगाया कि बंगा भवन में ठहरे बंगाल के लोगों को धमकाया जा रहा है। वहां भारी संख्या में पुलिस डराने के लिए तैनात की गई है। ममता ने कहा हमारा मामला सुप्रीम कोर्ट में है।

राजस्थान-मप्र में ओले गिरे, यूपी के 30 जिलों में कोहरा : हिमाचल के मनाली में बर्फबारी

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in

उत्तर भारत का मौसम फिर बदल गया है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में रविवार शाम से देर रात तक बर्फबारी और बारिश हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक लगातार दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से 3 फरवरी तक हिमालयी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी होगी।

मैदान राज्यों दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश में हल्की बारिश होने की संभावना है। सोमवार सुबह 7 बजे तक आगरा, सरसवा, बरेली,

हिंडन और बठिंडा में घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी जीरो रही।

आईएमडी ने यूपी, दिल्ली और आंध्र प्रदेश के समुद्र किनारे बसे जिलों में अगले 3 घंटे घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 5 से 7 फरवरी के दौरान तीसरा वेस्टर्न डिस्टरबेंस पश्चिमी हिमालयी राज्यों में फिर से मौसम बदलेगा। पश्चिमी विक्षोभ यानी वेस्टर्न डिस्टरबेंस भूमध्यसागर से आने वाली हवाओं का सिस्टम है, जो सर्दियों के दौरान उत्तर भारत में बारिश और पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी कराता है।

सोमवार सुबह जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में पारा माइनस 8.0, लद्दाख के द्रास में माइनस 15.1 और हिमाचल के काल्पा में माइनस 3.8 डिग्री रहा।

पाकिस्तानी नेता बोले- हमारा जीरो-टैरिफ हनीमून खत्म, अरबों डॉलर के नुकसान का खतरा

भारत-ईयू डील से पाकिस्तान में 1 करोड़ नौकरियां खतरे में

राष्ट्रबाण | इस्लामाबाद | एजेंसी | rashtrabaan.in

भारत और यूरोपियन यूनियन (ईयू) के फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) से पाकिस्तान में 1 करोड़ नौकरियां खतरे में हैं। उसे अरबों डॉलर के नुकसान का भी डर है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान ने इस समझौते को लेकर गुरुवार को कहा कि वह ईयू के अधिकारियों के संपर्क में है। वो ये समझने की कोशिश कर रहा है कि भारत-ईयू एफटीए का उसके निर्यात पर क्या असर पड़ेगा।

वहीं, पाकिस्तान के पूर्व वाणिज्य मंत्री गोहर एजाज ने

सोशल मीडिया पर लिखा- ईयू के साथ पाकिस्तान का 'जीरो-टैरिफ हनीमून' खत्म हो गया है और करीब एक करोड़ नौकरियां खतरे में हैं। सरकार उद्योगों को सस्ती बिजली, कम टैक्स और आसान कर्ज दे, ताकि वे दूसरे देशों की इंडस्ट्री से मुकाबला कर सकें।

भारत और (ईयू) ने 27 जनवरी को एफटीए पर साइन किए थे। इस समझौते से दो ऐसी अर्थव्यवस्थाएं एक साथ आई हैं, जो दुनिया की लगभग एक-चौथाई आबादी, 25% ग्लोबल जीडीपी और करीब 2 अरब लोगों का साझा मार्केट बनाती हैं।

यूरोपीय मार्केट में पाकिस्तान की बढ़त खत्म होने का खतरा

पाकिस्तान इस डील से परेशान इसलिए है क्योंकि लंबे समय से उसे यूरोपीय मार्केट में भारत पर बढ़त हासिल थी। इसकी वजह ईयू की जीएसपी प्लस योजना थी। इस योजना के तहत पाकिस्तान को अपने करीब 66% उत्पादों को बिना टैक्स के यूरोप भेजने की सुविधा मिली हुई थी। इसमें कपड़ा और रेडीमेड कपड़े जैसे सामान शामिल थे। वहीं भारत को ऐसे ही सामान पर 9 से 12% तक टैक्स देना पड़ता था। इसके बावजूद पाकिस्तान का टेक्सटाइल एक्सपोर्ट 6.2 अरब डॉलर रहा, जबकि भारत का टेक्सटाइल एक्सपोर्ट 5.6 अरब डॉलर का था। अब भारत और ईयू के बीच हुआ यह फ्री ट्रेड एग्रीमेंट, जिसे 'मदर ऑफ ऑल डील्स' कहा जा रहा है, भारत को यूरोप में बिना टैक्स के बड़ा बाजार देता है। इससे पाकिस्तान की वह बढ़त लगभग खत्म हो जाती है। इसके साथ ही पाकिस्तान की त्रस्क्क्प्लस सुविधा, जो उसे 2014 में मिली थी, दिसंबर 2027 में खत्म होने वाली है।

राष्ट्रबाण
सिवनी, मंगलवार 3 फरवरी 2026

बैतूल राष्ट्रबाण

● मुलताई ● बैतूल बाजार ● आमला ● भैंसादंड ● सारणी ● बोरदई ● आठनेर

बिजली कटौती से डूडर गांव में हाहाकार

बिल जमा करने वालों की भी बिजली काटी, जिला पंचायत सदस्य के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीण

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

विकासखंड प्रभात पट्टन अंतर्गत ग्राम पंचायत रजापुर के ग्राम डूडर में बिजली कंपनी द्वारा पूरे गांव की बिजली काट दिए जाने से ग्रामीणों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। रात होते ही गांव अंधेरे में डूब जाता है, जिससे भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। इसी गंभीर समस्या को लेकर सोमवार को ग्रामीण जिला पंचायत सदस्य उर्मिला गव्हाड़े के साथ कलेक्टर से मिलने पहुंचे और बिजली बहाल कराने की गुहार लगाई। ग्राम की महिला संतोषीबाई उइके ने कलेक्टर को बताया कि रात में अंधेरा रहने के कारण छोटे बच्चे डर के मारे पूरी रात रोते रहते हैं। गांव जंगल क्षेत्र से लगा होने के कारण जंगली जानवरों का भय बना रहता है, जिससे महिलाओं और बच्चों की चिंता लगातार बढ़ रही है। ग्रामीण महेश इवने ने कलेक्टर को अवगत कराया कि जिन उपभोक्ताओं ने बिजली का बिल जमा कर दिया है, उनकी भी बिजली काट दी गई है, जो उनके साथ अन्याय है। उन्होंने बताया कि शनिवार के दिन बिजली कंपनी के कर्मचारियों को बकाया राशि के रूप में एक लाख बीस हजार रुपए की वसूली सौंपी गई, इसके बावजूद पूरे गांव की बिजली बंद कर दी गई।

कलेक्टर ने महाप्रबंधक को दिए निर्देश

कलेक्टर ने ग्रामीणों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए जिन उपभोक्ताओं का बिजली बिल जमा है, उनकी बिजली तत्काल जोड़ने के निर्देश महाप्रबंधक बिजली कंपनी को दिए। कलेक्टर से मुलाकात करने वालों में मुकेश कुबडे, संजय सिंगारे, रमेश गव्हाड़े, सुरेश भलावी, हरिचंद बेलवशी, तेजीलाल धुर्वे, सोमजी कुमरे, श्यामरती सिंगारे, ओझाराम इवने सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

जेई के खिलाफ अभद्रता के आरोप

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि बिजली कंपनी बिसनूर के जेई गुजरे ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं, जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों की मांग है कि जिनका बिजली बिल जमा है, उनके कनेक्शन तत्काल जोड़े जाएं और गांव में नियमित बिजली आपूर्ति बहाल की जाए। जिला पंचायत सदस्य उर्मिला गव्हाड़े ने कलेक्टर को बताया कि डूडर गांव में आदिवासी और हरिजन परिवार निवास करते हैं, जिनका मुख्य व्यवसाय मजदूरी है और वे इसी से अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। रात के समय सांप, बिच्छू और जंगली जानवरों का डर बना रहता है, जिससे छोटे बच्चे सो नहीं पाते और महिलाएं भय के साए में जीवन जीने को मजबूर हैं।

भायंदर के विश्वकर्मा जयंती महोत्सव में बैतूल की गरिमामयी उपस्थिति

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in



श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट (मुंबई) द्वारा आयोजित ट्रस्ट का 36वां वार्षिक जयंती महोत्सव एवं विश्वकर्मा जयंती महोत्सव 31 जनवरी को सुतार वाड़ी, न्यू गोल्डन नेस्ट रोड, इंद्रलोक, भायंदर (पूर्व), ठाणे में हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस आयोजन की विशेष बात यह रही कि मुंबई के साथ-साथ बैतूल जिले से पहुंचे प्रतिनिधियों की सक्रिय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में देश-विदेश से अनेक अतिथि शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में सुखदेव जागिडजी, सीईओ कैपसाइटेक यूके, रोमी श्रॉफ, आर्किटेक्ट इंडिया, सुधांशु वत्स, महेंद्र कुमार शर्मा, चुन्नीलाल सुथार, संदीप आर्य तथा प्रताप सरनाईक, परिवहन मंत्री महाराष्ट्र राज्य उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में नरेंद्र एल. मेहता, विधायक मीरा-भायंदर और श्रीमती गीता भारत जैन, पूर्व विधायक मीरा-भायंदर शामिल रहीं।

बैतूल से पहुंचे पवन कुमार मालवीय, ब्रिगेडियर आज़ाद हिंद फौज अखंड भारत ने कार्यक्रम में विशेष रूप से सहभागिता की। उनके साथ राम ठाकुर, जीवन आधार ट्रस्ट मुंबई अध्यक्ष एवं बंधु भारतीय फाउंडेशन मुंबई अध्यक्ष, शक्ति कामगार यूनियन सलाहकार सहित अनेक सामाजिक और सार्वजनिक क्षेत्र के गणमान्य जन मौजूद रहे। आयोजन के दौरान विश्वकर्मा भगवान के आदर्शों, सामाजिक समरसता और सेवा भावना को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया।

उमरिया के विद्यार्थियों को मिला करियर का फॉर्मूला, विशेषज्ञों ने खोले भविष्य के रास्ते

विषय चयन से जीवन निर्माण तक, हर क्षेत्र में किया गहराई से मंथन

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

आज के दौर में सबसे बड़ा सवाल यही है कि पढ़ाई के बाद क्या, और इसी सवाल का जवाब खोजने के लिए शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उमरिया में विद्यार्थियों के सपनों को दिशा देने वाला करियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित किया गया। शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उमरिया में कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित करियर गाइडेंस कार्यक्रम औपचारिक आयोजन नहीं था, यह भविष्य की नींव रखने का प्रयास था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को यह समझाना था कि करियर का चुनाव भी उतना ही सोच-समझकर होना चाहिए जितना जीवन का कोई बड़ा निर्णय। मुख्य मार्गदर्शन पशु चिकित्सा अधिकारी आमला श्रीमती शकुंतला बिरला द्वारा दिया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान और व्यावसायिक क्षेत्रों में उपलब्ध संभावनाओं की जानकारी देते हुए यह स्पष्ट किया कि सही जानकारी के अभाव में प्रतिभा अक्सर भटक जाती है। शिक्षक गौरव मन्यासे ने विद्यार्थियों को अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण और निरंतर मेहनत के महत्व को सरल शब्दों में समझाया।

विषय विशेषज्ञ शिक्षकों ने भी दिया मार्गदर्शन

कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों ने भी अपनी भूमिका निभाई। संस्कृत विषय पर नंदलाल नागले, इतिहास विषय पर श्रीमती वर्षा पंडोले, अंग्रेजी विषय पर सरीता कुर्वे एवं सुशील कुमार पंडोले, भौतिक शास्त्र पर विनीता साहू, गणित पर प्रकाश बोकडे और विज्ञान विषय पर राज्जू लोखण्डे ने विद्यार्थियों को विषय आधारित करियर विकल्पों की जानकारी दी। इसके साथ ही मोरेश लिखितकर, विजय मानेकर, एस. आर. बनकर, एल. जी. गोस्वामी, निर्मल नरवरे, पिंकी इवनाती, गीता राहंगडाले, राजेश ठाकरे, अशोक देशमुख, योगिता पांसे, कोमल पहाड़े, सरिता पारखे, नीक सिसोदिया, अबिता बिन्झाडे, हेमन्तसिंह चौहान और नेहा सनोडिया की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और प्रभावी बनाया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने करियर, विषय चयन और भविष्य की संभावनाओं को लेकर सवाल पूछे, जिनके स्पष्ट और व्यावहारिक उत्तर मिले। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए यह संदेश छोड़ गया कि सही समय पर सही मार्गदर्शन मिल जाए, तो सपनों को हकीकत बनने से कोई नहीं रोक सकता।

अखंड ज्योति पाठकों का किया सम्मान

मुलताई | संवाददाता
rashtrabaan.in

अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा नरखेड द्वारा पूज्य गुरुदेव वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के विचारों को जन जन तक पहुंचाने,मनुष्य में देवत्व का उदय धरती पर स्वर्ग सा वातावरण निर्मित हो इस उद्देश्य एवं मनुष्य के विचारों में परिवर्तन हो,सद्विचारों की स्थापना हो इस भाव से गायत्री परिवार नरखेड के द्वारा प्रभात पट्टन तहसील के विभिन्न ग्रामों में जो परिजन पूज्य गुरुदेव द्वारा संस्थापीत अखंड ज्योति, युग निर्माण, प्रज्ञा पाक्षिक पत्रिकाओं को पढ़ते हैं और गुरुदेव की विचारों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे है ऐसे पाठकों सम्मेलन गौ संवर्धन एवं स्वावलंबन प्रशिक्षण केंद्र ग्राम नरखेड में सम्पन्न हुआ जहां पर पाठकों को अभिनंदन पत्र,गायत्री मंत्र का दुपट्टा एवं गायत्री माता का चित्र देकर स्वागत सम्मान किया गया इस कार्यक्रम का शुभारंभ उप जोन समन्वयक दिनेश देशमुख ,जिला सह समन्वयक गुलाब राव चिल्हाटे,जिला समन्वय समिति सदस्य टी के चौधरी,प्रज्ञा पुराण कथा वाचक धनराज धोटे, मुख्य ट्रस्टी यादोराव निंबालकर तहसील समन्वयक मुलताई नारायण देशमुख,प्रभात पट्टन तहसील समन्वयक राजेंद्र गायकवाड़ की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन देव पूजन कर किया गया ।उपजोंन संवेदक दिनेश देशमुख ने उपासना ,साधना और स्वाध्याय करने एवं जन्म शताब्दी समारोह शांतिकुंज हरिद्वार में आगामी समय में किए जाने वाले कार्यों की विस्तार से जानकारी प्रदान की ,वही धनराज धोटे ने दैनिक जीवन में आने वाली परेशानियों से बचने हेतु नित्य अखंड ज्योति, युग निर्माण पत्रिकाओं एवं सद साहित्य के पठन पाठन की अनिवार्यता बताई,अखंड ज्योति पाठको के द्वारा भी स्वयं के अनुभव साझा किए गए।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोहर साकरे,महादेव बाघमारे ,भोजराव लोखंडे,राजू साहू,शंकर खाड़े विजय खाड़े शिवरानी देशमुख,सहित,सुभाष मस्की,योगेश सराटकार,रोशन डोंगरे,नर्मदा खाड़े,निर्मला बोहरपी आदि ने सहयोग प्रदान किया।

खेलो एमपी यूथ गेम्स फुटबॉल में भोपाल का दबदबा

बैतूल के तुषार यादव और युगांत साहू बने जीत के नायक

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

खेलो एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत आयोजित अंडर-19 स्टेट लेवल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन रीवा में किया गया, जिसमें मध्यप्रदेश की आठ चयनित टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट में प्रदेशभर के श्रेष्ठ युवा खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबलों के बाद भोपाल टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए फाइनल में सागर टीम को 3-0 से पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

भोपाल टीम की इस ऐतिहासिक जीत में बैतूल जिले के होनहार खिलाड़ी तुषार यादव एवं युगांत साहू की अहम भूमिका रही। दोनों खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन तालमेल, अनुशासन और आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

विजेता भोपाल टीम से अब खिलाड़ियों का चयन नेशनल लेवल प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा, जिससे बैतूल जिले को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलने की उम्मीद है।

गौरतलब है कि तुषार यादव पहले से ही बैतूल जिले के नामी फुटबॉल खिलाड़ी हैं। वे दो बार नेशनल लेवल गेम्स में भाग लेकर मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और टीम के कप्तान के रूप में भी प्रदेश का नेतृत्व कर चुके हैं। तुषार यादव सारणी घोड़ाडोंगरी विकासखंड के ग्राम सलैया के निवासी हैं। उनके पिता कोमल यादव वेकोली कर्मचारी होने के साथ-साथ जिले के प्रसिद्ध पहलवान रह चुके हैं।

तुषार यादव की इस उपलब्धि पर ग्राम सलैया सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। ग्रामवासियों, खेल प्रेमियों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

33 वार्डों में नि :शुल्क योगशालाओं के लक्ष्य के साथ योग प्रशिक्षण शिविर शुरु

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

भारत स्वाभिमान ट्रस्ट द्वारा 33 वार्डों में निःशुल्क योगशालाएं स्थापित करने के लक्ष्य के साथ योग प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत की गई है। पहला निःशुल्क योग चिकित्सा एवं ध्यान शिविर प्रागा होम्स कॉलोनी, ग्रीन सिटी विवेकानंद वार्ड में 2 फरवरी से प्रारंभ हुआ, जिसका समापन 8 फरवरी को होगा। शिविर के पश्चात यहां नियमित निःशुल्क योगशाला संचालित की जाएगी। आयोजकों ने बताया कि वर्तमान समय में बीपी, शुगर, थायराइड, मोटापा, गठिया, त्वचा रोग, कैंसर सहित पाचन, श्वसन एवं उत्सर्जन तंत्र से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। इन समस्याओं से मुक्ति के लिए पतंजलि द्वारा विकसित एकीकृत योग, आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किया गया है। शिविर पूर्णतः निःशुल्क है तथा पतंजलि के प्रशिक्षित योग विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर भारत स्वाभिमान न्यास, पतंजलि योग समिति, महिला पतंजलि योग समिति, युवा भारत एवं पतंजलि किसान सेवा समिति के सानिध्य में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन में तहसील प्रभारी संतोष तोमर, अखिलेश जैन एवं एन.पी. साहू सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा।

जनजाति कार्य विभाग ने मनाई संत रविदास जी की 649वीं जयंती

संत रविदास जयंती पर छात्रों को मिला जीवन मूल्यों का संदेश

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

जनजाति कार्य विभाग बैतूल के तत्वावधान में सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा संत शिरोमणि रविदास जी की 649वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षा समिति के जिला अध्यक्ष एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे रहे। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला महामंत्री पर्वत राव धोटे, अजाक्स के जिला अध्यक्ष दशरथ धुर्वे, तहसील अध्यक्ष श्रीमती कल्पना परते, ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश उपराले तथा जनजाति कार्य विभाग के सहायक आयुक्त विवेक पांडे विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत एवं मंचासीन होने के पश्चात संत रविदास जी एवं बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके बाद सभी अतिथियों का पुष्पमालाओं से सम्मान किया गया।

छात्रों को मोबाइल के दुरुपयोग से दूर रहने की दी सलाह

मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को नशा एवं मोबाइल के दुरुपयोग से दूर रहकर अनुशासित जीवन जीना चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्रावास में प्रवेश मिलना सौभाग्य की बात है, इसका सदुपयोग कर शिक्षा के माध्यम से अपने भविष्य को संवारें।

महान समाज सुधारक थे संत शिरोमणि रविदास

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनजाति कार्य विभाग के सहायक आयुक्त विवेक पांडे ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी समाज में व्याप्त असमानता, छुआछूत और जातिगत भेदभाव के विरुद्ध संघर्ष करने वाले महान समाज सुधारक थे। उन्होंने बताया कि संत रविदास जी का जन्म माघ पूर्णिमा को काशी के समीप सीर गोवर्धनपुर गांव में हुआ था। उनके पिता संतोष दास एवं माता कालसी देवी थीं। श्री पांडे ने कहा कि उस दौर में जब समाज जाति, ऊंच-नीच और भेदभाव में बंटा हुआ था, तब संत रविदास जी ने निर्भीक होकर समानता और मानव गरिमा की बात कही। उन्होंने कर्म को ही सबसे बड़ा धर्म बताया और यह संदेश दिया कि मन की पवित्रता ही सच्ची पूजा है। उनका प्रसिद्ध कथन मन चंगा तो कठौती में गंगा आज भी समाज को आत्मचिंतन और सदाचार की प्रेरणा देता है। सहायक आयुक्त श्री पांडे ने कहा कि संत रविदास जी ने शोषित, वंचित और कमजोर वर्गों को आत्मसम्मान के साथ जीने की प्रेरणा दी। उन्होंने परोपकार, दया, करुणा और प्रेम को समाज की मूल नींव बताया। संत रविदास जी का संपूर्ण जीवन समतामूलक, न्यायपूर्ण और मानवतावादी समाज की स्थापना के लिए समर्पित रहा। कार्यक्रम के दौरान छात्रों से संत रविदास जी के जीवन एवं विचारों पर प्रश्न पूछे गए, जिनके सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को 500-500 रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में अधीक्षक कमलेश राकसे, नीरज बारस्कर, अलकेश पाटणकर, छात्रावास स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सचिव पर जानलेवा हमले के विरोध में सामूहिक अवकाश लेकर सौंपेंगे ज्ञापन

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

चिचोली ब्लॉक में पदस्थ ग्राम पंचायत सचिव के साथ हुई जानलेवा मारपीट की घटना से पूरे सचिव संवर्ग में आक्रोश व्याप्त है। घटना के विरोध और दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की मांग को लेकर चिचोली ब्लॉक के सभी सचिव आज 3 फरवरी, मंगलवार को सामूहिक अवकाश लेकर कलेक्टर एवं एसपी को ज्ञापन देंगे। सचिवों का कहना है कि शासकीय कार्यों का निर्वहन करते समय इस तरह की घटनाएं स्वीकार्य नहीं हैं और प्रशासन को इस पर सख्त रुख अपनाना चाहिए। ग्राम पंचायत धनियाजाम के सचिव संतोष शिवहरे के साथ हाल ही में हुई यह घटना सचिवों की सुरक्षा को लेकर बड़े सवाल खड़े कर रही है। इस घटना से चिचोली ब्लॉक के समस्त सचिव अत्यंत व्यथित हैं। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चिचोली को आवेदन देकर 3 फरवरी को एक दिवस का सामूहिक अवकाश स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया है, ताकि सभी सचिव न्यायोचित कार्रवाई के लिए अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकें।ज्ञापन देने वालों में महेश बंसकार, विजय मालवीय, संजय गुप्ता, सुंदरलाल विश्वकर्मा, शिव प्रसाद यादव, गंगाराम टाटीसार, योगेश पवार, इमचंद खोबरे सहित अन्य सचिव शामिल रहेंगे।

राष्ट्रबाण
सिवनी, मंगलवार 3 फरवरी 2026

बालाघाट राष्ट्रबाण

• बैहर • बिरसा • कटंगी • तिरोड़ी • कटंगी • खैरलांजी • किरनापुर • लालबर्रा • लांजी • परसवाड़ा • वारासिवनी

न्यायलय में विकलांग महिला से बदसलूकी का लग रहा आरोप

लामता तहसीलदार पर जेल भेजने की धमकी देने का लग रहा गंभीर आरोप

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in

लामता तहसील कार्यालय से एक बेहद चौकाने वाला मामला सामने आया है जहां एक विकलांग महिला ने तहसीलदार पर न्यायालय में बदसलूकी करने और जेल में डालने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित महिला का कहना हैं कि शासकीय भूमि से जुड़े एक प्रकरण की सुनवाई के दौरान तहसीलदार ने एकपक्षीय रवैया अपनाते हुए न सिर्फ उसकी बात अनसुनी की, बल्कि उसे डराने धमकाने का भी प्रयास किया।

पूर्वजों की कब्जे वाली भूमि पर दूसरे को दिया गया पट्टा

पीड़ित महिला के अनुसार जिस भूमि पर उसके पूर्वज वर्षो से कब्जा कर खेती बाड़ी करते आ रहे हैं, उसी भूमि पर चंगोटोला की पूर्व सरपंच द्वारा दूसरी महिला को पट्टा दे दिया गया। महिला ने जब इस पूरे मामले को लेकर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया तो उसे न्याय मिलने के बजाय कथित रूप से अपमान और धमकी का सामना करना पड़ा।

इनका कहना है

फरियादी महिला ने बताया कि चांगोटोला में मेरी शादी से पहले मेरे ससुर का पुराना मकान था, जो लगभग 10 वर्ष पहले टूट चुका है जहां पुरखो का देव दिवाला है मैं गरीब होने के कारण मकान नही बना सकी हुं, मेरा पति पागल हो चुका है और मैं भी पैर से विकलांग हुं इसीलिए देव दिवाला की जगह मे झोपड़ी बना दी हूं, जिसे ग्राम पंचायत चांगोटोला के पूर्व सरपंच द्वारा गांव की बेटी जिसका विवाह बैहर हुआ था उसके नाम का पट्टा जारी किया गया, जबकि पट्टा कब्जा अनुसार दिया जाता हैं उसके बावजूद लामता तहसीलदार द्वारा पेशी दिनांक मे भरे न्यायालय में जातिगत भेदभाव करते हुए जलील करते हुए जेल भेजने की धमकी दिया गया और 01 लाख रुपए का जुर्माना कर घर से सामान फेकने कि धमकी दी है जो मैं तहसीलदार के इस कृत्य से मानसिक रूप से परेशान हूं।

सुनीता झारिया, पीड़िता चांगोटोला वार्ड नं 11

मेरी शादी बैहर हुई थी, किसी कारणवश मैं 17 वर्षो से चांगोटोला में निवास कर रही हूं, मैं ग्राम पंचायत चांगोटोला में आवासीय प्लाट के लिए आवेदन कि थी, जिस पर पूर्व सरपंच वैध मैडम द्वारा प्लाट नंबर 129 का पट्टा जारी किया गया था, परन्तु इस भूमि में मेरा कब्जा नही था, जब कब्जा करने आई तो मुझे सुनीता झारीया द्वारा कब्जा नही करने दिया, जिसका प्रकरण तहसीलदार लामता के न्यायालय में पेश किया गया है जिसके तहत तहसीलदार मेरे पक्ष में फैसला दिया है।

सजदा बेगम निवासी मऊ चांगोटोला..

वर्तमान सरपंच चांगोटोला ने बताया कि यह शासकीय भूमि का मामला है जो पूर्व सरपंच द्वारा सुनीता झारिया के पूर्वजों का मकान था जो वर्तमान समय में टूट गया है सुनीता बाई के कब्जे में है और सुनीता बाई कि झोपड़ी भी है, पूर्व सरपंच द्वारा किस नियम के अंतर्गत पट्टा जारी किया गया है मुझे इसकी जानकारी नहीं है कल ही सुनीता झारीया का आवेदन मिला है।

प्रमोद ठाकरे सरपंच चांगोटोला

एकपक्षीय सुनवाई न्याय की जगह धमकी

महिला का आरोप हैं कि शासकीय भूमि के इस विवाद की सुनवाई के दौरान तहसीलदार ने केवल एक पक्ष को सुनते हुए फैसला सुना दिया और जब महिला ने आपत्ति दर्ज कराई तो उसे जेल भेजने की धमकी दी गई। पीड़ित का कहना है कि वह विकलांग होने के बावजूद न्याय की उम्मीद लेकर न्यायालय पहुंची थी, लेकिन वहां उसे डर और अपमान झेलना पड़ा।

उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार

पीड़ित महिला ने जिला प्रशासन और शासन के उच्च अधिकारियों से इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की हैं। महिला का कहना है कि यदि उसे न्याय नहीं मिला तो वह उच्च स्तर पर शिकायत करने को मजबूर होगी।

परसामऊ छात्रावास की नाबालिग के मां बनने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

साढ़े 13 साल की है नाबालिग पीड़िता, छात्रावास अधीक्षिका निलंबित

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in

गढ़ी क्षेत्र अंतर्गत कस्तुरबा गांधी बालिका छात्रावास परसामऊ की कक्षा 8 वीं की साढ़े 13 साल की नाबालिग के मां बनने के मामले में लापरवाही सामने आने पर छात्रावास अधीक्षिका को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही इस प्रकरण में आरोपित युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस प्रकरण में यह मामला तब सामने आया जब पीड़िता नाबालिग को जिला अस्पताल में गर्भवती होने पर भर्ती कराया गया और उसने एक नन्ही बच्ची को जन्म दिया। इस मामले में छात्रावास में बरती जा रही लापरवाही की पोल खोल दी। जानकारी में आया कि नाबालिग के मां बनने के संबंध में सूचना अस्पताल पुलिस को प्राप्त हुई थी। जिसके पश्चात अस्पताल पुलिस ने बयान दर्ज करने के बाद मामले की डायरी संबंधित थाना गढ़ी को भेज दी थी। जिसके तहत पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी में आया कि इस मामले में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग शकुंतला डामोर ने बैहर विकासखंड के अंतर्गत कस्तुरबा गांधी बालिका छात्रावास परसामऊ की छात्रावास अधीक्षिका प्राथमिक शिक्षक चैनबती सैयाम को अपने

कार्यों में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जानकारी में आया कि गढ़ी थाना क्षेत्र के परसामऊ आवासीय छात्रावास में रहकर नाबालिग कक्षा आठवीं की पढ़ाई कर रही थी। इस बीच ही उसके गर्भवती होने और एक बच्ची को जन्म देने का मामला सामने आया है। बता देवें कि यह आवासीय छात्रावास जिला शिक्षा केंद्र के अधीन संचालित होता है। जिला शिक्षा केंद्र के डीपीसी जीपी बर्मन ने इस मामले में हॉस्टल वार्डन और एएनएम की लापरवाही स्वीकार करते हुए बताया कि आठवी कक्षा में पढ़ रही पीड़ित छात्रा की तबियत ठीक नहीं रहती थीं तथा वह ज्यादातर समय अपने घर पर ही रहती थी। उसने पुलिस को जो बयान दिया है उसके मुताबिक पीड़ित छात्रा के उसी गांव के युवक से अवैध संबंध थे। पीड़िता मार्च महीने में अपने घर गई थी और जुलाई में आई थी। यही नहीं वह छात्रावास में भी तीन या चार दिनों के पश्चात फिर चले जाती थी। हालांकि यह मामला इसलिए गंभीर है कि छात्रावास में समय समय पर चिकित्सा परीक्षण करने का दावा किया जाता हैं। अगर परीक्षण किया गया था तो फिर बालिका के गर्भवती होने के संबंध में उन्हें जानकारी क्यों नहीं हुई? परिजनों को इसके संबंध में अवगत क्यों नही कराया? वरिष्ठ स्तर पर भी इसकी सूचना क्यों नहीं दी गई? ऐसे कई सवाल हैं जो छात्रावास की अर्थव्यस्था की पोल खोल रही हैं द्य हालांकि इस मामले के सामने आने के बाद सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग शकुंतला डामोर ने कस्तुरबा गांधी बालिका छात्रावास परसामऊ की कक्षा आठवीं कक्षा की बच्ची के गर्भवती होने एवं एक नन्ही सी बच्ची को जन्म दिए जाने की घटना में प्रथम दृष्टया पाया गया कि छात्रावास अधीक्षिका द्वारा पीड़ित छात्रा के स्वास्थय में परिवर्तन होने में कोई संवेदना का परिचय नही दिया गया और न ही छात्रा का प्रथक से स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। अधीक्षिका द्वारा छात्रा के छात्रावास से बार बार अनुपस्थित रहने पर एवं उसके स्वास्थ्य को लेकर पालकों से संपर्क नही किया गया है। अधीक्षिका चैनबती सैयाम की अपने पदीय कर्तव्यों के प्रति बरती गई इस लापरवाही के लिए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

लालबर्रा में विशाल हिंदू सम्मेलन 9 फरवरी को

कार्यक्रम स्थल का 2 फरवरी को भूमिपूजन सम्पन्न हुआ

लालबर्रा | संवाददाता
rashtrabaan.in

भारत देश भर में जनवरी और फरवरी माह में भिन्न-भिन्न तिथियों पर विभिन्न स्थानों पर सर्व हिंदू समाज द्वारा हिंदू सम्मेलन आयोजित हो रहे हैं। इसी कड़ी में बालाघाट जिले के लालबर्रा तहसील मुख्यालय में उत्कृष्ट स्कूल ग्राउंड व सरस्वती ग्राउंड में सर्व हिंदू समाज द्वारा विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस हिंदू सम्मेलन को संबोधित करने हिंदूवादी नेतृत्व की धनी सरस्वती साध्वी दीदी इस हिंदू सम्मेलन में सर्व हिंदू समाज को जागृत करने के लिए अपना बौद्धिक देंगी। जिनके विचारों को सर्व हिंदू समाज श्रवण करेगा।

2 फरवरी को कार्यक्रम स्थल पर किया गया भूमि पूजन

2 फरवरी सोमवार को दोपहर में कार्यक्रम स्थल उत्कृष्ट स्कूल ग्राउंड व सरस्वती ग्राउंड में भगवा ध्वज लगाकर, भारत माता के छायाचित्र के समक्ष पंडित द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कराते हुए दीप प्रज्वलित कर अक्षत पुष्प अर्पित कर हिंदू सम्मेलन के लिए प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल पर कुदाली चलाकर भूमि पूजन किया गया। क्षेत्र के गांव से आई माता- बहनों एवं कार्यकर्ताओं को अक्षत कलश प्रदान कर 9 फरवरी को विशाल हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासी बुजुर्ग, माता- बहनों, युवा साथियों को कार्यक्रम में लाने के लिए आमंत्रित किया गया है। इसके बाद सभी को प्रसाद वितरण किया गया। उक्त भूमि पूजन कार्यक्रम में सभी हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारी- कार्यकर्ता व हिन्दू समाज के लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

विकसित भारत 2047 का ब्लूप्रिंट है यह बजट : विधायक गौरव सिंह पारधी

कटंगी में विधायक, व्यापारियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ सुना केंद्रीय बजट, वित्त मंत्री की ऐतिहासिक पहल का किया स्वागत

कटंगी | संवाददाता
rashtrabaan.in

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 1 फरवरी 2026 को लोकसभा में पेश किया गया वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट देश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला है। इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने के लिए कटंगी नगर के अनन्या होटल एवं निवास भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश चौकसे के यहां विशेष आयोजन किया गया। यहाँ क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक गौरव सिंह पारधी की उपस्थिति में बड़ी संख्या में व्यापारियों, पार्टी कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों ने लाइव प्रसारण के माध्यम से बजट सुना।

भविष्य की नींव रखता अमृत काल का बजट

बजट सुनने के बाद विधायक गौरव पारधी ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट केवल एक वित्तीय दस्तावेज नहीं, बल्कि विकसित भारत 2047 का विजन और ब्लूप्रिंट है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं के लिए किए गए प्रावधानों की सराहना की। विधायक पारधी ने बजट की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाओं के लिए सी-मार्ट जैसे स्व-सहायता समूह उत्पादों की बिक्री व्यवस्था और हॉस्टल सुविधाओं का विस्तार प्रशंसनीय है। साथ ही युवाओं के लिए डिजिटल एजुकेशन प्रोग्राम और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े छात्रों के लिए बेहतर शिक्षा के प्रावधान भविष्य को सुरक्षित करेंगे। वही कैंसर और डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियों की दवाओं के दामों में कटौती आम जनमानस के लिए बड़ी राहत है। और ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार योजनाएं और विशेष क्रेडिट स्कीम उन्हें आत्मनिर्भर बनाएंगी।

ऐतिहासिक उपलब्धि की ओर निर्मला सीतारमण

विधायक पारधी ने बताया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार अपना 9वां बजट पेश कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वे अब पूर्व वित्त मंत्री मोरारजी देसाई के 10 बजटों के ऐतिहासिक आंकड़े के बेहद करीब हैं, जो उनकी कार्यक्षमता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अटूट विश्वास को दर्शाता है।

व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों में उत्साह

बजट सत्र के दौरान मंडल अध्यक्ष मुकेश चौकसे के निवास पर नगर के प्रमुख व्यापारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। उपस्थित जनों ने बैंकिंग सुधारों के लिए हाई लेवल कमेटी के गठन और व्यापारिक सुगमता के कदमों का स्वागत किया। इस अवसर पर कीर्ति चौरडिया, विशाल कोठारी, सैकी अग्रवाल, भोजराज देशमुख, आलोक खंडेलवाल, मनीष शर्मा, सुरेंद्र राहगडाले, सतीश परमार, वैभव गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, युवा कार्यकर्ता और नगर के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में इस बजट को सर्वस्पर्शी और देश को नई ऊंचाई पर ले जाने वाला बताया।

मनकामेश्वर महादेव मंदिर में सप्त दिवसीय महायज्ञ

महाशिवरात्रि के पावन पर्व के शुभ अवसर पर विभिन्न धार्मिक आयोजन 8 से 16 तक होंगे आयोजित

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in

लालबर्रा तहसील मुख्यालय के मनकामेश्वर महादेव मंदिर मानपुर हॉस्पिटल कॉलोनी लालबर्रा में महाशिवरात्रि के पावन पर्व के शुभ अवसर पर श्री लक्ष्मी नारायण सप्त दिवसीय हवनात्मक महायज्ञ 8 फरवरी से 14 फरवरी 2026 तक होने जा रहा है। मनकामेश्वर महादेव मंदिर व श्री भोलेशंकर जन कल्याण समिति मानपुर लालबर्रा के अध्यक्ष रणधीर सिंह सिंगर ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर में 9 दिन तक विभिन्न धार्मिक आयोजन संपन्न होंगे। जहां 8 फरवरी 2026 रविवार को प्रातः 10ः00 बजे से कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी, देव आव्हान एवं यज्ञ प्रारंभ, 14 फरवरी 2026 शनिवार को पूर्णाहुति यज्ञ समापन, 15 फरवरी रविवार को भव्य शिव बारात 4ः00 बजे से, 16 फरवरी सोमवार को भंडारा महाप्रसाद वितरण किया जाएगा शाम 7ः00 बजे से एवं प्रतिदिन शाम 6ः00 बजे से महाआरती की जाएगी। जहां आचार्य पंडित

अशोक कुमार पांडे चित्रकूट धाम उत्तरप्रदेश से पधारे एवं आचार्य पंडित विमल मिश्रा लालबर्रा के मुखारविंद से विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ इस धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराने में सहयोग प्रदान किया जाएगा। श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर आयोजक समिति ने मानपुर लालबर्रा पनबिहरी अमोली नगर वासियों सहित पास पड़ोस के ग्राम वासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की जिला बैठक हुई संपन्न

मंडला | संवाददाता
rashtrabaan.in

मंडला राष्ट्रीय बजरंग दल की 2 फरवरी दिन रविवार को जिला बैठक नैनपुर में रखी गयी, बजरंग दल की बैठक की शुरुआत मां सरस्वती एवं हनुमान जी की पूजा अर्चना कर ओम का उच्चारण कर प्रारंभ की गई, एवं संगठन विस्तार,आगामी कार्य योजनाओं,हनुमान चालीसा केंद्र का विस्तार एवं ब्लॉक, नगर के नए कार्यकर्ताओं की पदनियुक्तियां की गयीं, वहीं मुख्य बिंदु लगातार हो रही गौवंश तस्करी पर रोक लगाने एवं लवट्ठजिहाद वा लगातार होटल लॉज संचालकों द्वारा चलाए जा रहे देह

व्यापार पर प्रतिबंध लगाने का वचन लिया गया, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के संयुक्त विभाग संगठन मंत्री आदरणीय अरविंद बघेल जी, ए,एच,पी जिला अध्यक्ष आदरणीय रामगोपाल यादव जी, आर.बी.डी. जिला अध्यक्ष विशाल चंद्राज़्ल आर.बी.डी. जिला उपाध्यक्ष विपिन अवधवाल , हिंदू हेल्पलाइन जिला महामंत्री नवीन नामदेव आर.बी.डी. नगर अध्यक्ष बिट्टू राठौर प्रांत मंत्री रजनी राव , विधानसभा अध्यक्ष कुंज बिहारी, पहलवान गुलाब भरदेले जी ,ए,एच,पी नगर अध्यक्ष श्री कैलाश कछवाहा जी,आर,वी,डी, महामंत्री श्री प्रवीण यादव जिला गौ रक्षा प्रमुख सुमित डोंगसरे, आर,बी,डी,कार्यकारी अध्यक्ष श्री राहुल कछवाहा जी एवं सभी सनातनीय बंधुऔं की उपस्थिति में यह बैठक संपन्न हुई, सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को सहृदय बधाई एवं शुभकामनाएं, सभी सनातनीय बंधुऔं से आग्रह किया गया कि संगठन विस्तार एवं अपने सनातन धर्म के लिए एकजुटता के लिए सजग रहें।

वरूड में उचित मूल्य दुकान सह गोदाम निर्माण से ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत

मनरेगा से मजबूत हुई सार्वजनिक वितरण व्यवस्था

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in

बालाघाट जिले के जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत वरूड में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत किए गए एक महत्वपूर्ण निर्माण कार्य ने न केवल ग्रामीणों की सुविधा बढ़ाई है, बल्कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली को भी सशक्त बनाया है। यहां मनरेगा के माध्यम से उचित मूल्य दुकान सह गोदाम का निर्माण कर गांव की वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान किया गया है। ग्राम पंचायत वरूड में शासकीय भूमि पर उचित मूल्य

दुकान सह गोदाम का निर्माण 23 फरवरी 2022 को प्रारंभ किया गया, जो 7 जुलाई 2023 को सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ। इस निर्माण कार्य पर कुल ज्12,70,796 की राशि व्यय की गई तथा 627 मानव दिवस का रोजगार सृजित हुआ। इस कार्य की क्रियान्वयन एजेंसी ग्राम पंचायत वरूड रही। मनरेगा के अंतर्गत इस निर्माण कार्य से स्थानीय मजदूरों को गांव में ही रोजगार मिला, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ। साथ ही एक स्थायी अधोसंरचना का निर्माण हुआ, जिसका लाभ अब पूरे गांव को मिल रहा है। इससे पूर्व ग्राम पंचायत वरूड में उचित मूल्य की दुकान सेवा सहकारी समिति सिरपुर के किराये के भवन में संचालित होती थी। भवन छोटा होने के कारण वहां पर्याप्त भंडारण की व्यवस्था नहीं थी। सीमित स्थान के कारण राशन सामग्री के रखरखाव में कठिनाई होती थी और वितरण के समय ग्रामीणों को असुविधा का सामना करना पड़ता था। कई बार राशन समय पर उपलब्ध न होने से उपभोक्ताओं को बार-बार दुकान के चक्कर लगाने पड़ते थे। बरसात और धूप के मौसम में लंबी कतारों में खड़े रहना भी ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनता था।मनरेगा योजना के अंतर्गत 100 मीट्रिक टन क्षमता वाले आधुनिक गोदाम के निर्माण से अब यह सभी समस्याएं दूर हो गई हैं। अब गांव में ही राशन सामग्री का सुरक्षित भंडारण संभव हो सका है। उचित मूल्य दुकान और गोदाम एक ही परिसर में उपलब्ध होने से वितरण व्यवस्था पूरी तरह सुचारू हो गई है। उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गोदाम परिसर में छायादार टीन शेड का निर्माण भी किया गया है, जिससे अब ग्रामीणों को धूप या बारिश में खड़े रहने की समस्या नहीं होती। इस निर्माण कार्य से न केवल सार्वजनिक

राष्ट्रबाण
सिवनी, मंगलवार 3 फरवरी 2026

सिवनी राष्ट्रबाण

● बरघाट ● छपारा ● धनोरा ● घंसौर ● केवलारी ● कुरई ● लखनादौन ● सिवनी ग्रामीण

हिस्ट्रीशीटर अजीत का खूनी तांडव

अजीत उपाध्याय और साले प्रबुद्ध शुक्ला ने चाकू से हमला कर युवक को किया निर्वस्त्र, वीडियो वायरल

सिवनी शहर में एक बार फिर खौफ और दहशत का माहौल बन गया है। कुख्यात बदमाश अजीत उपाध्याय और उसके साले प्रबुद्ध शुक्ला की गुंडागर्दी एक बार फिर खुलेआम सड़कों पर नजर आई। बाहुबली चौक जैसे व्यस्त इलाके में युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला, फिर उसे निर्वस्त्र कर वीडियो बनाकर वायरल कर दिया हैं।

सिवनी | संवाददाता
rashtrabaan.in

सिवनी जिले में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद होते जा रहे हैं कि अब वे न केवल जानलेवा हमले कर रहे हैं, बल्कि पीड़ित की बेइज्जती कर वीडियो वायरल करने से भी नहीं चूक रहे। ऐसा ही सनसनीखेज मामला 30 जनवरी की शाम करीब 6 बजे शहर के बाहुबली चौक पर सामने आया, जहां अजीत उपाध्याय और उसके साले प्रबुद्ध शुक्ला ने वासू सूर्या पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावरों ने पहले युवक के साथ गाली-गलौच की, फिर अचानक चाकू निकालकर हमला बोल दिया। हमले के बाद भी जब उनका मन नहीं भरा, तो उन्होंने घायल युवक को नंगा कर उसका वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग दहशत में आ गए।

घटना की शिकायत मिलने पर सिवनी पुलिस हरकत में आई। थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 जनवरी की शाम बाहुबली चौक पर वासू सूर्या पर अजीत उपाध्याय और प्रबुद्ध शुक्ला द्वारा चाकू से हमला किया गया। पुलिस ने 31 जनवरी को दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास, मारपीट और गाली-गलौच की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल दोनों आरोपी फरार हैं और उनकी तलाश की जा रही है।

इस घटना ने तब और गंभीर मोड़ ले लिया जब यह जानकारी सामने आई कि इसी दिन यानी 30 जनवरी को मंगली पेठ इलाके में भी इन दोनों आरोपियों द्वारा एक और चाकूबाजी की वारदात को अंजाम दिया गया था। हालांकि उस मामले में घायल युवक द्वारा भयवश शिकायत दर्ज नहीं कराई गई, जिसके चलते आरोपी उस घटना में बच निकले।

सेल जीजा का है पुराण आपरधिक रिकार्ड

अजीत उपाध्याय ।

प्रबुद्ध शुक्ला।

दीपक मिश्रा, एएसपी

अजीत उपाध्याय का आपराधिक इतिहास भी किसी से छिपा नहीं है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अजीत उपाध्याय पर सिवनी सहित अन्य थानों में 34 से अधिक गंभीर अपराध दर्ज हैं। इनमें मारपीट, चाकूबाजी, धमकी, अवैध वसूली जैसे संगीन मामले शामिल हैं। वहीं उसका साला प्रबुद्ध शुक्ला भी कोई दूध का धुला नहीं है, जिसके खिलाफ छह गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

शहरवासियों का कहना है कि इतने अधिक अपराध दर्ज होने के बावजूद आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। इससे आम जनता में भय का माहौल है और लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। बाहुबली चौक जैसी भीड़भाड़ वाली जगह पर इस तरह की घटना होना पुलिस की गश्त और निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है।

एएसपी बोले बख्से नहीं जायेंगे

चाकूबाजी मामले पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा ने बयान देते हुए कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। अजीत उपाध्याय और उसके साले प्रबुद्ध शुक्ला के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। एएसपी मिश्रा ने यह भी स्पष्ट किया कि आरोपियों का पूरा आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है और ऐसे आदतन अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी भी हालत में कानून हाथ में लेने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

पुलिस को अपरधियों से सख्ती से निपटने की जरुरत

सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा की शहर के बीच खुलेआम ऐसी घटना निंदनीय है। पुलिस ने पहले भी बढ़ती आपरधिक गतिविधयों को देखते हुए गस्त बढ़ाई थी जिससे अपराध में अंकुश लगा था। अब भी जरुरत है की पुलिस गस्त बढ़ाए और ऐसे अपरधियों के खिलाफ सख्त एक्शन ले।

प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना अंतर्गत पंजीयन प्रारंभ

सिवनी | संवाददाता
rashtrabaan.in

प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना अंतर्गत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए पेंशन योजना के तहत पंजीयन अभियान चलाया जा रहा है। योजना के प्रथम चरण में शहरी क्षेत्र में 15 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक पंजीयन किया जाएगा, जबकि द्वितीय चरण में ग्रामीण क्षेत्र हेतु 16 फरवरी से 15 मार्च 2026 तक अभियान संचालित किया जाएगा।

इस योजना का लाभ असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिक जैसे ऑटो-रिक्शा चालक, सफाईकर्मी, रेहड़ी-पटरी व्यवसायी, मोची, धोबी, नाई, घरेलू श्रमिक, कृषि एवं निर्माण श्रमिक, स्वरोजगार में कार्यरत मजदूर आदि ले सकते हैं। योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के वे श्रमिक पात्र होंगे, जो असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हों, ईपीएफ/ईएसआईसी/एनपीएस के लाभार्थी न हों, आयकर दाता न हों तथा जिनकी मासिक आय 15,000 रुपये से अधिक न हो। पात्र श्रमिकों को आयु के अनुसार 55 से 200 रुपये प्रतिमाह अंशदान करना होगा, जिसके बराबर अंशदान भारत सरकार द्वारा किया जाएगा।

योजना अंतर्गत 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर श्रमिक को 3,000 रुपये प्रतिमाह पेंशन प्रदान की जाएगी। पेंशनधारी की मृत्यु होने पर उनकी विधवा/विधुर को पारिवारिक पेंशन का लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त स्वेच्छा से योजना छोड़ने पर अंशदान वापसी का विकल्प भी उपलब्ध है। पंजीयन हेतु श्रमिक का आधार नंबर, मोबाइल नंबर एवं बैंक खाते की पासबुक अनिवार्य है।

श्रमिक अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) अथवा एमपी ऑनलाइन के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 14434 अथवा कार्यालय श्रम पदाधिकारी सिवनी, कलेक्ट्रेट परिसर, कचहरी चौक, पुरातत्व विभाग कक्ष से संपर्क किया जा सकता है।

राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान से हुई माह की शुरुआत

सिवनी | संवाददाता
rashtrabaan.in

माह के प्रथम कार्यदिवस की शुरुआत राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के सामूहिक गायन से हुई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह एवं अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत की उपस्थिति में अधिकारी एवं कर्मचारी पंक्तिबद्ध होकर शामिल हुए और अनुशासित वातावरण में राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ सामूहिक गायन किया।

जिले में जल प्रबंधन की तैयारियों की कलेक्टर श्रीमती पटले ने की व्यापक समीक्षा

ग्रीष्मकालीन मांग के अनुरूप जल आरक्षण तथा योजनावार सतत मॉनिटरिंग के निर्देश

सिवनी | संवाददाता
rashtrabaan.in

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल निगम एवं नगरपालिका के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले के छोटे एवं बड़े बांधों की जल संग्रहण क्षमता, उपलब्ध जल तथा नगरीय क्षेत्र में जलापूर्ति हेतु मांग एवं आरक्षित जल के साथ समूह नलजल योजनाओं की स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर ने ग्रीष्मकाल के दौरान निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जलापूर्ति योजनाओं की अनुमानित मांग के अनुरूप पर्याप्त जल आरक्षित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बांधों के जलस्तर, जल निकासी एवं आपूर्ति व्यवस्था के साथ-साथ समूह नलजल योजनाओं से होने वाली जलापूर्ति की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी संभावित जल संकट की समय रहते पहचान कर आवश्यक कदम उठाए जा सकें।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने बांधों के माध्यम से होने वाली जलापूर्ति को ग्रीष्मकाल में भी सुगम बनाए रखने हेतु विभागीय समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही समूह नलजल योजनाओं को पूर्ण क्षमता से संचालित रखने, पाइपलाइन, पंप एवं अन्य संरचनाओं के नियमित रख-रखाव के निर्देश भी दिए।

एसआईआर-2026 : मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर रोल प्रेक्षक ने राजनैतिक दलों के साथ की बैठक

सिवनी | संवाददाता
rashtrabaan.in

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सिवनी जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) की प्रक्रिया सतत रूप से जारी है। इसी क्रम में सोमवार, 02 फरवरी को जिले के लिए नियुक्त रोल प्रेक्षक, सचिव परिवहन विभाग एवं मध्यप्रदेश सुगम परिवहन सेवा निगम के प्रबंध निदेशक श्री मनीष सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले, एसडीएम सिवनी श्रीमती पूर्वी तिवारी, एसडीएम बरघाट श्री संदीप श्रीवास्तव सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

रोल प्रेक्षक श्री मनीष सिंह ने विधानसभा-वार प्रारूप मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं की संख्या, लिंगानुपात एवं ईपिक रेशियो का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित होना लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियाद है। इस हेतु 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के सभी पात्र युवाओं के नाम अनिवार्य रूप से मतदाता सूची में जोड़े जाएं।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि एसआईआर के दौरान जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो पाई है अथवा जिनके एन्यूमेरेशन फॉर्म जमा नहीं हो सके हैं, उनकी सुनवाई के दौरान दस्तावेजों का परीक्षण कर पात्र पाए जाने पर नाम सूची में शामिल किए जाएं। साथ ही सभी राजनैतिक दलों से प्रत्येक मतदान केंद्र पर अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

बैठक में बताया गया कि 23 दिसंबर 2025 को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची के अनुसार जिले में कुल 10 लाख 57 हजार 576 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 5 लाख 33 हजार 935 पुरुष, 5 लाख 23 हजार 630 महिला तथा 11 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। जिले में 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के युवा मतदाताओं की संख्या 12 हजार 332 है।

मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान नाम जोड़ने हेतु 11 हजार 933 फॉर्म-6, नाम हटाने हेतु 1247 फॉर्म-7 तथा संशोधन हेतु 3881 फॉर्म-8 प्राप्त हुए हैं। इनमें से 5538 फॉर्म-6, 400 फॉर्म-7 तथा 1775 फॉर्म-8 का निराकरण किया जा चुका है। जिले में कुल 1478 मतदान केंद्र हैं, जिनमें से 1407 केंद्रों पर भारतीय जनता पार्टी एवं 1384 केंद्रों पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा बूथ लेवल एजेंट नियुक्त किए गए हैं।

बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि एसआईआर-2026 के अंतर्गत जिले में अब तक 95.76 प्रतिशत मतदाताओं के एन्यूमेरेशन फॉर्म का डिजिटलीकरण पूर्ण किया जा चुका है। वहीं 4340 मतदाता नो-मैपिंग श्रेणी में पाए गए हैं। इसके अतिरिक्त 40 हजार 972 मतदाताओं के एन्यूमेरेशन फॉर्म विभिन्न कारणों से जमा नहीं हो सके, जिनमें 13 हजार 762 मतदाता मृत, 5165 अनुपस्थित, 19 हजार 257 अन्य स्थान पर स्थायी रूप से निवासरत, 2648 के नाम अन्य स्थान की मतदाता सूची में दर्ज तथा 140 अन्य विविध कारणों से शामिल हैं।

सांसद ने रंगमंचों के निर्माण के लिए स्वीकृत की 29 लाख की सांसद निधि

मंडल अध्यक्षों की अनुशंसा पर 25 रंगमंचों के होगे निर्माण कार्य

छिंदवाड़ा | संवाददाता
rashtrabaan.in

सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार के सहयोग से करोड़ों के निर्माण कार्य स्वीकृत किए जाकर प्रारंभ किए जा चुके है। सांसद श्री साहू जहां दोनों जिलों में मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान देकर विकास कार्य स्वीकृत करवा रहे है वहीं अपनी सांसद निधि से भी विकास कार्यो के लिए राशि स्वीकृत कर रहे है। इसी के तहत सांसद श्री साहू ने मंडल अध्यक्षों की अनुशंसा पर 25 रंगमंचों के निर्माण कार्य के लिए अपनी सांसद निधि से 29 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की है।

सांसद बंटी विवेक साहू ने विभिन्न 25 रंगमंचों के निर्माण के लिए 29 लाख की राशि स्वीकृत की है। जिसमें भाजपा छिन्दवाड़ा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रमाकांत रघुवंशी की अनुशंसा पर ग्राम धमनिया कुडो में 1लाख, ग्राम घोघरा में 1 लाख, ग्राम अतरवाड़ा में 1 लाख, ग्राम पखड़िया में 1 लाख, ग्राम कुटिया में 1 लाख, भाजपा मंडल खमारपानी अध्यक्ष की अनुशंसा पर ग्राम अम्बाडी में 2 लाख, ग्राम पंचायत चंद्रिकापुर में 1.50 लाख, ग्राम पंचायत गढ़ेवानी में 1.50 लाख, सिंगोड़ी मंडल अध्यक्ष सोनू सरसवार की अनुशंसा पर ग्राम बड़ेगांव में 1 लाख दिए गए।

विहिप के प्रांत प्रमुख बने अजय बंदेवार

छिंदवाड़ा। विश्व हिन्दु परिषद की मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ प्रांत धर्म प्रसार विभाग की तीन दिवसीय प्रशिक्षक बैठक विगत् दिनों मण्डला जिले में संपन्न हुई । जिसमें वरिष्ठ पदाधिकारियों की अनुशंसा पर छिंदवाड़ा जिले के अजय बंदेवार की प्रांत परियोजना प्रमुख के दायित्व पर नियुक्ति की गई । वहीं प्रशांत छोटू पाल को प्रांत सह परियोजना प्रमुख के पद पर नियुक्त किया गया । उक्त नियुक्ति पर विहिप जिलाध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष गुड्डा रघुवंशी, कोषाध्यक्ष सुमित काबरा, बजरंग दल जिला संयोजक नरेन्द्र पटेल, नीतेश पटेल, राजू राय ने बधाई दी ।

कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक संपन्न

सिवनी | संवाददाता
rashtrabaan.in

सोमवार 02 फरवरी को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी श्रीमती पूर्वी तिवारी सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। खंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतों के विभागवार विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक शिकायत को अनिवार्य रूप से अटेंड कर फॉलोअप दर्ज करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिये हैं। उन्होंने संकल्प से समाधान अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की उन्होंने विकासखण्ड एवं विभागवार योजनावार प्राप्त आवेदनों, निराकरण की स्थिति की समीक्षा कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवेदनों के त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया है।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने राजस्व प्रकरणों की भी अनुभागवार विस्तृत समीक्षा की । उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि सीमांकन, बटवारे, नामांतरण सहित सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण तय समय सीमा में किया जाए। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत गतिविधियों की भी समीक्षा की।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री कार्यालय, जनप्रतिनिधियों से प्राप्त शिकायतों तथा वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त पत्रों की विभागवार समीक्षा कर प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने धान उपार्जन उपरांत किसानों को भुगतान स्थिति की जानकारी लेकर शेष रहे किसानों को त्वरित रूप से भुगतान करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर श्रीमती पटले ने आगामी ग्रीष्म ऋतु में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुगम पेयजल आपूर्ति को लेकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जलनिगम के साथ ही जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को समन्वय बनाकर कार्यवाही के निर्देश दिये हैं।

कम्प्यूटर वर्ल्ड
सेल्स एंड सर्विस
लैपटॉप, कम्प्यूटर, सी.सी.टी.वी कैमरा, होम थियेटर, प्रिंटर, लेमिनेशन, फोटो कॉपियर, नेटवर्किंग, प्रोजेक्टर, कॉर्टरेज रिफलिंग

संपूर्ण कम्प्यूटर ऐससरीज उपलब्ध
पुराने कम्प्यूटर व लैपटॉप उपलब्ध
संपर्क- बैनगंगा कॉम्प्लेक्स, बस स्टैंड, सिवनी, मो.न.-9302833332

ARPIT TVS
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे
7898723789
Infront of Reliance Petrol-pump, Jabalpur Road, Jyarat Naka, Seoni 480661 (M.P)

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433